# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 01, NOV 2022 Page No. City Page 6**

## सुभारती विवि में एकता दौड़ का आयोजन

मेरठ। सुभारती विवि में पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन हुआ। शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि एकता दौड़ ने विवि परिसर में भ्रमण किया। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वैभव गोयल भारतीय, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज, चीफ प्रॉक्टर डॉ. शशिराज तेवतिया, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. परवीण कुमार, डॉ. दिवेश चौधरी, डॉ. मंजू अधिकारी आदि मौजूद रहे। संवाद

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 03, NOV 2022 Page No. City Page 5**

## मेडिकल के छात्रों का बढ़ाया ज्ञान

03·11·22
MC-05




सुभारती डेंटल कॉलेज के कार्यक्रम में शामिल अतिथि। संवाद

मेरठ। सुभारती डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में यूजीसीडीई के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय सूचर मटीरियर एवं सूचर तकनीक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. माधुरी अलंकार सवाई और सुभारती डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डेंटल क्विज भी हुई। चयनित 30 विजेताओं को सूचर तकनीक की कार्यशाला में हिस्सा लेने का मौका मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र दिए गए। संवाद

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# *News Paper Clipping Service*

## News Paper Name - Amar Ujala

## Date- 07, NOV 2022 Page No. City Page 5

07.11.22 MC-5

# सुभारती में राष्ट्रीय संगीत और नृत्य कार्यशाला हुई



सुभारती विश्वविद्यालय में सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं।। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विवि के ललित कला संकाय के परफॉर्मिंग आर्ट विभाग में राष्ट्रीय संगीत व नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ कुलपति डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्रति कुलपति डॉ. अभय शंकरगोड़ा ने किया। कार्यशाला में सर्वप्रथम लेखक पंडित विजय शंकर मिश्र ने व्याख्यान दिया।

मुख्य वक्ता गायिका डॉ. नबनिता चौधरी ने मंच पर राग जौनपुरी में बड़ा ख्याल, द्रुत लय के तीन ताल में और भजन चला मन वृंदावन को ओर प्रस्तुति दी।

इलाहाबाद की गायिका नम्रता देब ने राग पतदीप में विलंबित ख्याल, छोटा ख्याल और मीरा के भजन की प्रस्तुति दी। तबला संगत पर तबला वादक पंडित जयशंकर मिश्र और हारमोनियम पर मेहराज खां रहे। संकाय के प्राचार्य प्रो. पिंटू मिश्र ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। मंच संचालन तनुश्री कश्यप और श्वेता सिंह ने किया। प्रो. भावना ग्रोवर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 08, NOV 2022 Page No. City Page 5**

## खो-खो में शिक्षा विभाग प्रथम

8-11-2022 MC-5



सुभारती विश्वविद्यालय में खो-खो प्रतियोगिता में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

मेरठ। सुभारती विवि के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के तत्वावधान में खो-खो प्रतियोगिता हुई। शुभारंभ मुख्य अतिथि पीपीडी विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर ई. आकाश भटनागर और शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज ने किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज के 51 पुरुष और 48 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

पुरुष और महिला दोनों वर्गों में शारीरिक शिक्षा विभाग ने जीत हासिल की। इसके अलावा पुरुष वर्ग में द्वितीय स्थान पर फार्मेसी और तृतीय स्थान फाइन आर्ट्स ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में द्वितीय स्थान शिक्षा विभाग और तृतीय स्थान फिजियोथैरेपी विभाग का रहा। शिक्षा संकाय के डीन डॉ. संदीप चौधरी, एसोसिएट प्रो. डॉ. मंजू अधिकारी, डॉ. नेहा सिंह, प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. प्रवीण कुमार ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी। संवाद

# Gen. G.S. Dhillon Central Library

Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067

SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY

(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)


# *News Paper Clipping Service*

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 09, NOV 2022** **Page No. City Page 5**

## सांख्यिकी की मूल अवधारणाओं पर प्रस्तुत [illegible] विचार

9.11.22
MC-5



सुभारती विवि में आयोजित कार्यशाला में शामिल अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग में अनुसंधान पद्धति और अनुप्रयुक्त सांख्यिकी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य वक्ता पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजीव चौधरी ने सांख्यिकी की मूल अवधारणाओं पर विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान विज्ञान कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. महावीर सिंह, मैनेजमेंट कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. आरके घई, इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. मनोज कपिल, फार्मेसी कॉलेज के डीन प्रो. शौकेंदर कुमार, पत्रकारिता कॉलेज के विभागाध्यक्ष प्रो. थैलेडी, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज, डॉ. दिवेश चौधरी मौजूद रहे। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 18, NOV 2022 Page No. 6**

# संस्कारों वाली पढ़ाई से ही राष्ट्र गौरव का भाव जागेगा

मेरठ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में संस्कारगत शिक्षा पर बल दिया गया है। इसी के मद्देनजर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ ने परिसर के परिवेश से लेकर शिक्षण कार्य तक में संस्कारों को समाहित किया है। विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज का कहना है कि इससे युवा पीढ़ी अतीत से स्वयं को भावनात्मक आधार पर जुड़ा महसूस करेगी और राष्ट्र गौरव का भाव जागेगा।

डॉ. शल्या के मुताबिक सुभारती विश्वविद्यालय में संस्कारगत शिक्षा की दिशा में तीन स्तरों पर कार्य इसके स्थापना काल से हो रहा है। एक तो परिसर स्थित कार्यालय, भवन, संकाय, महाविद्यालय और विभागों के नाम ऐसे महापुरुषों के नाम पर रखे गए हैं, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपना सर्वोच्च त्याग किया है। दूसरे उपाय के रूप में ऐसे सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जो विद्यार्थी को भारतीयता के साथ मानव मूल्यों से जोड़ने में सहायक बन सकते हैं। तीसरा सूत्र है संस्कारगत शिक्षा को शिक्षण कार्य से अनिवार्य रूप से जोड़ना।

उनका कहना है कि निश्चित ही संस्कार संस्कृति का व्यावहारिक चरण है, लेकिन उसके लिए आत्मचेतना का होना भी आवश्यक है। आत्मचेतना का विकास तथा विस्तार शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से ही हो सकता है। इसके लिए शिक्षण संस्थानों को संस्कारगत शिक्षा को अधिक महत्व देना होगा।



डॉ.शल्या राज

- संस्कार वाली शिक्षा के लिए गुरु-शिष्य संवाद की प्राचीन परंपरा चाहिए
- सुभारती में तीन स्तरों पर हो रहा है संस्कारगत शिक्षा पर काम

संस्थान के सीईओ का मानना है कि संस्कार वाली शिक्षा के लिए गुरु-शिष्य संवाद की प्राचीन परंपरा को फिर से जीवित करना होगा। यदि हम शिक्षा में संस्कारों को स्थान देते हैं तो सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करना आवश्यक हो जाता है।

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 25, NOV 2022 Page No. 6**

### अनुसंधान संवर्धन और विकास पर वर्कशॉप



मेरठ। सुभारती विवि के महारानी लक्ष्मीबाई सभागार में अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा 'अनुसंधान संवर्धन एवं विकास संस्थागत उत्कृष्टता की ओर एक दृष्टिकोण' पर वर्कशॉप हुई। शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने किया। प्रो. वाईके गुप्ता ने अनुसंधान परियोजनाओं की योजना बनाने की प्रक्रिया समझाई। डॉ. मुकुल सहित सभी छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 25, NOV 2022 Page No. City Page 6**

# छात्र संसद में निजीकरण का विपक्ष ने किया विरोध



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित छात्र संसद में मंचासीन अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में चल रही दो दिवसीय स्वामी विवेकानंद छात्र संसद-2022 में दूसरे दिन निजीकरण का सत्तारुढ़ दल ने समर्थन और विपक्ष ने जोरदार विरोध किया। छात्र संसद में मेजर डॉ. हिमांशु सिंह ने सभापति, छात्रा भाविनी कौशल्या ने उपसभापति व छात्र ऋषभ ने संचालक की भूमिका निभाई।

छात्र संसद में विपक्ष ने सरकार की निजीकरण की नीति का पुरजोर विरोध किया। छात्र सांसदों ने निजीकरण के विरोध में तर्क देते हुए कहा कि निजीकरण के कारण कुछ व्यक्तियों के हाथों में अर्थव्यवस्था चली जाएगी। पूंजीपति का उद्देश्य कम से कम संसाधनों में अधिक से अधिक लाभ कमाना होता है। जिसके जवाब में सत्तारूढ़ दल के छात्र सांसदों ने बताया गया कि निजीकरण से बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और इस कारण जनता को फायदा होता है। व्यापार करना सरकार का काम नहीं है। भूमंडलीकरण के इस दौर में पूंजीवादी अर्थव्यवस्था का संचालन बाजार के नियमों से होता है।

निजी कंपनियां बाजार के अनुसार खुद को दक्ष बनाती है और बाजार में प्रतिस्पर्धा बनी रहती है। इंडियन प्राइवेटाइजेशन बिल तथा यूनिफार्म ड्रेस कोड बिल पास किए गए। सुभारती विधि संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल भारतीय ने सभी का आभार व्यक्त किया। मूटकोर्ट एसोसिएशन की संयोजक आफरीन अल्मास व लिटरेरी क्लब की संयोजक एना सिसौदिया ने कार्यक्रम संयोजक की भूमिका निभाई। डॉ. रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचंद, विकास त्यागी, शालिनी गोयल, अंजुम जहां, प्राची गोयल आदि मौजूद रहे। संवाद

## परियोजनाएं बनाने की दी जानकारी

मेरठ। सुभारती विवि के महारानी लक्ष्मीबाई सभागार में अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अनुसंधान संवर्धन एवं विकास संस्थागत उत्कृष्टता की ओर एक दृष्टिकोण' पर कार्यशाला हुई। भोपाल एम्स के अध्यक्ष प्रो. डॉ. वाईके गुप्ता और महाराज अग्रसेन प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. चंद्र प्रकाश रहे। सर्वप्रथम कुलपति मेजर जनरल जीके



वित्त पोषण एजेंसियों के लिए अनुसंधान परियोजनाएं तैयार करने के विषय पर चर्चा की। अंत में संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. मुकुल ने धन्यवाद दिया। संवाद

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 26 Nov 2022, Page No. 5**

(5) 26/11/22

## विदेशी छात्रों की पहली पसंद सुभारती विवि



मेरठ। शैक्षिणक गुणवत्ता के साथ व्यवसायी शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के संगम को विश्व पटल पर ले जाने के लिए सुभारती विवि अपना दबदबा बनाए हुए है। भारतीय संस्कृति एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा से प्रभावित होकर विभिन्न देशों के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि सुभारती विवि विद्यार्थियों को दक्ष बना रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि सुभारती विवि भारतीय संस्कृति को संरक्षित करते हुए उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है।

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 27 Nov 2022,** **Page No. City Page 5**

27/11/22 (6)

### कर्तव्यों का पालन कर बनें जिम्मेदार




मेरठ। भारत का संविधान नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों को भी
निर्धारित करता है, परन्तु हम सबको अपने मौलिक कर्तव्यों को पहले निभाना
चाहिए। सुभारती लॉ कॉलेज में यह बात डीन प्रो. वैभव गोयल भारतीय ने कही।
निदेशक राजेश चन्द्रा, डॉ. जीके थपलियाल, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. रीना
बिश्नोई, आफरीन अल्मास, विकास त्यागी, एना सिसोदिया, शालिनी रहे।